## खबर संक्षेप

### विधायक ने फेवर ब्लॉक सौंदर्यीकरण का किया भूमिपूजन



**शहडोल।** विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने शहडोल नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 20, साईं मंदिर के पास नगर पालिका शहडोल द्वारा 7.63 लाख की लागत से निर्मित होने वाली फेवर ब्लॉक सौन्दर्यीकरण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मलवा हटाकर दीवाल में पेंटिंग कर किया गया सौंदर्यीकरण




**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका द्वारा वार्ड नंबर 14 में 3 टन कचरे के ढेर को नगर पालिका की टीम द्वारा हटाकर दीवाल में पेंटिंग करके सौंदर्यीकरण किया गया। इसके साथ- साथ कचरे को पृथक्कीकरण किया गया गीले कचड़े को खाद , सूखे कचरे को रीसाइकल एवं वार्ड में मौजूद मलबे को डंपिंग प्वाइंट पर भेजा गया। इस अवसर पर स्वच्छता नोडल अधिकारी पुनीत त्रिपाठी, स्वच्छता प्रभारी मोतीलाल सिंह, स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया, ओम साईं विजन की टीम एवं नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### अशासकीय विद्यालयों का मान्यता नवीनीकरण 10 अक्टूबर तक होगा

**शहडोल।** प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स, जिला परियोजना समन्वयक और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है। अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपये के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्धारित प्रक्रिया से मान्यता नवीनीकरण आवेदन करने के लिये पोर्टल 29 सितम्बर, 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। आधार सेवा सर्विस के कारण कार्यवाही 3 से 5 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी।

### क्या प्रशासन को किसी बड़ी अनहोनी का इंतज़ार , शहडोल, अनूपपुर और उमरिया में नहीं टूटी नींद

# शहडोल संभाग में नकली सिरप का कारोबार बेलगाम

शहडोल।

प्रदेश के छिंदवाड़ा में जहरीले सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था, मगर इस दर्दनाक हादसे से शहडोल संभाग ने आज तक कोई सीख नहीं ली। छिंदवाड़ा की चेतावनी के बाद भी शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिलों में नकली और नशीली कफ सिरप का व्यापार बदस्तूर जारी है। हालात ऐसे हैं कि यहां नकली दवा का यह जहर धीरे-धीरे नशे के बाजार से निकलकर सीधे दुकानों के काउंटर तक पहुंच चुका है। जिले के कोयलांचल क्षेत्र बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई और मुख्यालय तक कफ सिरप अब नशे के सबसे आसान और सस्ते विकल्प के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। दवा दुकानदार खुलेआम तो इसे नहीं बेचते, लेकिन नशे के आदी युवक अब इसकी नकली और तस्करी की खेपों तक पहुंच बना चुके हैं। इन नशेडिय़ों के पीछे संगठित गिरोह काम कर रहे हैं, जो अन्य जिलों से बड़ी मात्रा में नकली कफ सिरप लाकर शहडोल और आस-पास के क्षेत्रों में खपाते हैं। यह नशा अब केवल गली-कूचों तक सीमित नहीं है, बल्कि बुढ़ार से लेकर अमलाई तक फैले औद्योगिक इलाकों में युवाओं के बीच यह एक सस्ते ड्रग विकल्प के रूप में फैल चुका है। हालत यह है कि कई इलाकों में नकली कफ सिरप का सेवन अब खुला राज़ बन गया है।




### संभाग के तीनों जिलों में फैल रहा जहर

शहडोल संभाग के तहत आने वाले अनूपपुर और उमरिया जिलों में भी यही हालात हैं। अनूपपुर जिले के कोयलांचल कस्बों जैसे कोतमा, बिजुरी और राजनगर में भी यह नशीला कारोबार तेजी से फैल रहा है। उमरिया जिले के मानपुर, पाली और चंदिया जैसे क्षेत्रों में भी नकली कफ सिरप का बाजार सक्रिय है, जहां युवा वर्ग इसे राहत और नशा दोनों के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह व्यापार अब दो स्तरों पर चल रहा है, एक तरफ तस्कर बाहरी जिलों से नकली सिरप लाकर स्थानीय एजेंटों को सप्लाई करते हैं और दूसरी ओर कुछ दवा दुकानों ने भी इस अवैध कारोबार से गुप्त रूप से हाथ मिला लिए हैं। नकली सिरप के पैकेट असली कंपनियों की बोतलों में भरकर बाजार में उतारे जाते हैं, ताकि कोई शक न हो।

### पुलिस और प्रशासन की आंखों पर पट्टी

पुलिस हर बार कुछ बोतलें जब्त कर कार्रवाई दिखा देती है, लेकिन यह समस्या जड़ से खत्म होने की बजाय और मजबूत हो रही है। एक-दो छापे मारना और कुछ सिरप बरामद करना महज औपचारिकता बनकर रह गया है। नशीले सिरप का बड़ा नेटवर्क पुलिस की जानकारी में होते हुए भी प्रभावशाली हाथों के कारण दबा दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग भी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। न तो औषधि निरीक्षक नियमित जांच कर रहे हैं और न ही किसी ने अब तक बाजार में बिक रहे सिरप की लैब टेस्टिंग करवाई है। जब प्रदेश के एक जिले में जहरीली सिरप से बच्चों की मौतें हो सकती हैं, तो शहडोल संभाग का यह लापरवाह रवैया किसी आने वाली त्रासदी का संकेत देता है।

### कफ सिरप बना नशे का नया नाम

विशेषज्ञ बताते हैं कि इन सिरप में कोडीन फॉस्फेट जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो नियमित खुराक से नशा पैदा करते हैं। यही कारण है कि गरीब और बेरोजगार तबका इसे शराब या इंजेक्शन की जगह सस्ते विकल्प के रूप में अपनाने लगा है। नकली सिरप में मिलावट और जहरीले रसायनों का उपयोग शरीर को भीतर से नष्ट कर देता है। कोयलांचल के मजदूर बहुल इलाकों में यह सिरप अब आम चलन बन चुका है। रेलवे कॉलोनियों और कोयला खदानों के आसपास के बाजारों में शाम होते ही ऐसे गुप्त सौदे होते हैं। यह सब कुछ पुलिस की नाक के नीचे चल रहा है।

### प्रशासन से बड़ा सवाल

छिंदवाड़ा में हुई मौतें महज़ एक हादसा नहीं, बल्कि चेतावनी थीं कि नकली सिरप का जहर अब किसी भी जिले को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। लेकिन शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के अफसर शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतज़ार कर रहे हैं। क्यों अब तक किसी बड़े गिरोह का खुलासा नहीं हुआ? क्यों दवा दुकानों की सघन जांच नहीं की गई? क्यों औषधि विभाग की कार्यवाही सिर्फ कागज़ों में सीमित है? जब बच्चों की जानें चली जाएंगी, तभी क्या सरकार हरकत में आएगी?

### अब नहीं, तो कब?

शहडोल संभाग के प्रशासन के सामने अब दो ही रास्ते हैं या तो छिंदवाड़ा की तरह किसी त्रासदी का इंतज़ार करे, या फिर अभी से कड़ा अभियान चलाकर नकली सिरप के इस फैलते नेटवर्क को खत्म करे। सभी दवा दुकानों की निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, औषधि निरीक्षक सक्रिय हों, तस्करों के नेटवर्क की आर्थिक जांच शुरू हो और जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बताया जाए कि यह सिरप मौत का जहर है, दवा नहीं। छिंदवाड़ा की मौतों से मिले सबक को अगर अब भी शहडोल ने नहीं समझा, तो अगली सुर्खी शहडोल में जहरीले सिरप से बच्चों की मौत ही होगी और तब ये खबर चेतावनी नहीं, शर्मिंदगी बनेगी।

## ऑटोरिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, नाबालिग की मौत



**उमरिया।** जिले के कोतवाली अंतर्गत शहपुरा मार्ग पर आटोरिक्शा चालक की लापरवाही से आटोरिक्शा में सवार छात्र की मौत हो गई, मृतक अंकित सिंह परस्ते के परिजनो ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया है कि हमारा 13 वर्षीय बेटा शहडोल स्कूल में पढता था, जिसे लेकर हम लोग आटोरिक्शा में सवार होकर अपने घर जा रहे थे,उसी दौरान जिला मुख्यालय से 05 किलोमीटर कूरबाबा के पास आटोरिक्शा चालक की लापरवाही से आटो रिक्शा अनियंत्रित हो गया,जिसमें अंकित सिंह नामक छात्र की मौत हो गई एवं घटना की सूचना पुलिस को दी गई, वहीं इस मामले में डियूटी डॉ. मुकुल तिवारी ने बताया कि एक्सिडेंट के दौरान अंकित सिंह को मृत अवस्था में पुलिस और परिजनो की मौजुदगी में जिला अस्पताल लाया गया एवं पीएम कार्यावाही के बाद अंतिम संस्कार के लिये शव परिजनो को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि इन दिनों सडक मार्ग पर जिले के विभिन्न स्थानों में सडक दुर्घटना निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसमें कई लोग प्रभावित हुए है।

### भाई ने ही भाई की हत्या की, तीन आरोपी गिरफ्तार

## करौंदिया में प्रेम संबंधों के विवाद ने ली जान

शहडोल।

जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां प्रेम संबंधों के विवाद में छोटे भाई ने अपनी ही पत्नी और साथियों के साथ मिलकर बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी नाबालिग बताया गया है।

जानकारी के अनुसार फरियादिया राजकुमारी बैगा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बड़ा बेटा बृजेन्द्र बैगा उम्र 30 वर्ष अपने पाही वाले खेत घर में अकेले रहता था। 28 सितंबर को रिश्तेदार ने घर से बदबू आने की सूचना दी। जब परिवारजन पहुंचे तो बृजेन्द्र बैगा खटिया पर मृत अवस्था में मिला, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या (हॉमीसाइडल डेथ) की पुष्टि होने पर पुलिस ने 3 अक्टूबर को धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया।



जांच में खुलासा हुआ कि मृतक का भाई नरेन्द्र बैगा उम्र 22 वर्ष कुछ दिन पहले हैदराबाद से गांव आया था। पूछताछ में नरेन्द्र ने कबूल किया कि उसने अपने भाई बृजेन्द्र की हत्या अपनी भाभी प्यारी बैगा उम्र 25 वर्ष, अपने नाबालिग भाई और साथी आशीष बैगा उम्र 19 वर्ष के साथ मिलकर की थी।

पुलिस के अनुसार नरेन्द्र और प्यारी बैगा के बीच प्रेम संबंध थे। बृजेन्द्र को जब इसका पता चला तो वह अपनी पत्नी से झगड़ा करने लगा। इसी बात से नाराज़ होकर प्यारी बैगा ने नरेन्द्र को फोन पर सूचना दी। इसके बाद नरेन्द्र हैदराबाद से लौटकर 24 सितंबर को गांव पहुंचा और अगले दिन सुबह बृजेन्द्र के घर में घुसकर टांगी, डंडा और सिलबट्टे के लोढ़े से सिर व गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार और मोबाइल फोन जब्त कर लिए।

प्रकरण की विवेचना एसडीओपी ब्यौहारी मुकेश अविद्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष दुबे और टीम ने की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि हत्या का कारण पारिवारिक कलह और अवैध संबंध रहे। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## बैंक से पैसा निकालकर लौट रही बुजुर्ग महिला से लूट

### चारपहिया वाहन सवार दो बदमाश फरार

शहडोल

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। चारपहिया वाहन में सवार दो अज्ञात बदमाशों ने 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला को ठगने के बाद लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आशा सिंह बघेल उम्र 63 वर्ष निवासी सूखा, ब्यौहारी नगर स्थित एक बैंक से 10 हजार रुपये नकद निकालकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान सडक किनारे एक चारपहिया वाहन उनके पास आकर रुका, जिसमें दो युवक सवार थे। उन्होंने खुद को महिला का रिश्तेदार बताते हुए बातचीत शुरू की और कहा कि वे उन्हें घर छोड़ देंगे।

पहले तो महिला ने इंकार किया, लेकिन बार-बार विश्वास दिलाने पर वह उनकी बातों में आकर वाहन में बैठ गईं। कुछ दूरी जाने के बाद बदमाश वाहन को सुनसान रास्ते की ओर मोड़ ले गए। जब आशा सिंह को संदेह हुआ और उन्होंने विरोध किया, तो आरोपियों ने महिला के हाथ से पर्स छीन लिया, जिसमें नकद 10 हजार रुपये, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान मिलाकर करीब 40 हजार रुपये का माल था। इसके बाद बदमाशों ने महिला को बीच रास्ते में उतारकर फरार हो गए। डरी-सहमी महिला ने राहगीरों की मदद से पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर ब्यौहारी थाना पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सडक किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्ध चारपहिया वाहनों की पहचान की जा रही है। लगातार बढ़ती लूट और ठगी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में रोष है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लूटे गए सामान की बरामदगी की जाएगी।

## एसबीआई किओस्क बैंक में सेंधमारी

### 40 हजार नकद चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ताजा मामला बालबाड़ी परिसर स्थित एसबीआई किओस्क बैंक का है, जहां अज्ञात चोरों ने दीवार में सेंध मारकर नकदी पर हाथ साफ कर दिया। किओस्क संचालक संजय कुमार जैन ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शाम को बैंक बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब दुकान पहुंचे तो शटर खोलते ही देखा कि दीवार में एक बड़ा छेद था और काउंटर से करीब 40 हजार रुपये नकद गायब थे। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची बुढार पुलिस ने स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चोरों ने बैंक के पीछे की दीवार से सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है, और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बुढार क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है।

## विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**शहडोल।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के तत्वावधान में 6 अक्टूबर 2025 को एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर मजदूर कांग्रेस के पंचशील कार्यक्रमों में से एक प्रमुख सामाजिक दायित्व है। आयोजन का नेतृत्व महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण, जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन, मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, उपमंडल समन्वयक रविंद्र कुमार धल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संचालन में संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार और अर्बन बैंक डायरेक्टर रामकुमार यादव सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस शिविर में बड़ी संख्या में रेल कर्मी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। मजदूर कांग्रेस के सदस्यों द्वारा हर वर्ष आयोजित यह शिविर न केवल रेलवे कर्मचारियों बल्कि आम नागरिकों के लिए भी जीवनदायिनी पहल है। संगठन के सदस्य जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने में भी सदैव आगे रहते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआरएम बिलासपुर राजमल खोईवाल, सेक्रो अध्यक्षा भगवती खोईवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक शांति पूर्ति, वरीष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमन मिश्रा तथा एमडी (सीएच) सुरेश पाल होंगे। सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने कहा कि रक्तदान शिविर मजदूर कांग्रेस के पंचशील सिद्धांतों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे जरूरतमंदों को बिना किसी कठिनाई के रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। डॉ. हेमल नागौरी, सहायक मंडल चिकित्साधिकारी चांपा ने बताया कि रक्तदान न केवल मरीजों के लिए जीवनदायी है बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। यह हृदय रोग, आयरन असंतुलन और तनाव को कम करता है। रेलवे मजदूर कांग्रेस का यह सामाजिक उपक्रम न केवल कर्मचारियों की सेवा भावना को प्रकट करता है बल्कि मानवता की मिसाल भी पेश करता है।

## ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत से करोड़ों का खेल!

### अमृत भारत योजना के नाम पर भारी अनियमितता

**शहडोल।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत योजना के तहत ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प तो होना था, लेकिन यहां विकास की रफ्तार के साथ भ्रष्टाचार का पहिया भी तेज़ी से घूम रहा है। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम मध्य रेल मंडल के कटनी-सिंगरौली खंड के ब्यौहारी स्टेशन में हो रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, घटिया सामग्री का उपयोग और ठेकेदार की मनमानी खुलकर सामने आई है।





जानकारी के अनुसार, अमृत भारत योजना के तहत पूरे रेलवे स्टेशन परिसर में भवन, सडक़, नाली, पार्क, प्लेटफॉर्म और रेलवे कॉलोनी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका मुख्य ठेका इरकान कंपनी को दिया गया था, जिसने आगे इसे कजार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को पेटी कांट्रेक्ट पर सौंप दिया। कजार कंपनी की ओर से कार्यस्थल पर फैजान नामक व्यक्ति को जिम्मेदारी दी गई है, जिसके माध्यम से निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

रेलवे सूत्रों का कहना है कि यहां निर्माण में नाले की घटिया रेत, अमानक सीमेंट, और निम्न गुणवत्ता वाली ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। परिणामस्वरूप नवनिर्मित आरबी-2 कॉलोनी के भवनों में दरारें पड़ गई हैं और कई दीवारों में टूट-फूट शुरू हो चुकी है। यही नहीं, प्लेटफॉर्म पर लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक्स भी खराब क्वालिटी के हैं, जिनका काम कटनी के संतोष पंजवानी के माध्यम से लालवानी नामक व्यक्ति करा रहा है।

स्थानीय रेलवे कर्मचारियों का आरोप है कि विभागीय अमला पूरी तरह से स्थिति से अवगत है, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों की सांठ-गांठ के चलते कार्रवाई केवल कागज़ों तक सीमित है। बताया गया है कि कजार कंपनी को पहले भी विभाग द्वारा नोटिस जारी की जा चुकी है, जिसमें निर्माण की गुणवत्ता सुधारने और दोषपूर्ण कार्यों की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, ठेकेदार की मनमानी पर अब तक कोई अंकुश नहीं लग पाया है। विभागीय निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए कंपनी मनमानी कर रही है और अमृत भारत योजना की मंशा को धता बता रही है। रेलवे कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो करोड़ों की लागत से बने यह भवन कुछ ही वर्षों में जर्जर हो जाएंगे। योजना के तहत स्टेशन के कायाकल्प का सपना अब भ्रष्टाचार की परतों में दफन होता दिख रहा है। बनते ही दरकने लगे भवन, गिरने लगी दीवारें यह स्थिति बताती है कि निर्माण कार्य किस स्तर की लापरवाही से किया जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि समाचार प्रकाशन के बाद सहायक मंडल अभियंता ने मौके का निरीक्षण किया और कजार कंपनी को नोटिस जारी कर तत्काल रिपेयर के आदेश दिए हैं। बावजूद इसके, काम की गुणवत्ता पर अब भी प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। केंद्र सरकार की 'अमृत भारत योजना' का उद्देश्य था, आधुनिक, सुरक्षित और टिकाऊ रेलवे ढांचा तैयार करना, लेकिन ब्यौहारी स्टेशन में यह योजना अब अनियमितता, भ्रष्टाचार और विभागीय मिलीभगत की भेंट चढ़ती नज़र आ रही है। अगर रेलवे प्रशासन ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए, तो करोड़ों की सरकारी राशि और यात्रियों की सुरक्षा—दोनों ही दांव पर लग जाएंगी।

### विचारपुर 'मिनी ब्राज़ील' के खिलाड़ी पहुंचे जर्मनी

## कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ के निर्देशन में सीख रहे फुटबॉल की आधुनिक तकनीक

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में जिले के ग्राम विचारपुर की फुटबॉल टीम को 'मिनी ब्राज़ील' कहकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी। प्रधानमंत्री के उल्लेख के बाद जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब ने विचारपुर के खिलाडिय़ों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर तक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया और शनिवार को ये युवा सितारे अपने सपनों की उड़ान भरते हुए जर्मनी पहुंचे, जहां उन्हें विश्वस्तरीय ट्रेनिंग, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और नई रणनीतियों का प्रशिक्षण मिलेगा।



खिलाडिय़ों ने कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ और ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में क्लब का भ्रमण किया, जहां उन्होंने क्लब के स्पोर्ट्स सेंटर, जिम सेशन और अत्याधुनिक स्किल्स लैब एरीना का अवलोकन किया। यहां खिलाडिय़ों ने पहली बार जर्मन फुटबॉल प्रशिक्षण की आधुनिक तकनीकों को करीब से देखा और क्लब के पेशेवर माहौल में खुद को तैयार करने की शुरुआत की।

### कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ के मार्गदर्शन में शुरू हुआ प्रशिक्षण

खिलाडिय़ों का प्रशिक्षण 12 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान वे जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ के निर्देशन में आधुनिक फुटबॉल तकनीक, फिटनेस, टीम रणनीति और टैक्टिकल गेम प्लानिंग की गहन ट्रेनिंग ले रहे हैं। खिलाडिय़ों को गेंद नियंत्रण पासिंग, शूटिंग और रक्षात्मक व आक्रामक रणनीतियाँ सिखा रहे हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षण में खिलाडिय़ों की निर्णय क्षमता, टीमवर्क और मानसिक मजबूती पर भी जोर दिया जा रहा है। विश्वस्तरीय प्रशिक्षण के लिए विचारपुर से कुल पांच खिलाड़ी और एक महिला प्रशिक्षक का चयन किया गया है। इनमें-सुश्री लक्ष्मी सहीस (कोच), सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार ,वीरेंद्र बैगा, मनीष घसिया है।

### विभागीय सहयोग से बनी मजबूत नींव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खिलाडिय़ों के चयन, प्रशिक्षण की व्यवस्था और यात्रा की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विभाग ने खिलाडिय़ों को जर्मनी में ट्रेनिंग के लिए आवश्यक संसाधन और समर्थन उपलब्ध कराए जिससे उनकी तैयारी और प्रदर्शन को और बेहतर बनाया जा सके। प्रदेश सरकार के सहयोग और खिलाडिय़ों की मेहनत से मध्यप्रदेश पूरे भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करेगा।

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने दी शुभकामनाएँ

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाडिय़ों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह अवसर मध्यप्रदेश के युवा खिलाडिय़ों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और उनसे उम्मीद की कि वे अपने कौशल और समर्पण से देश और प्रदेश का नाम विश्व स्तर पर रोशन करें। विचारपुर की फुटबॉल टीम को यह पहचान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 जुलाई 2023 को मन की बात कार्यक्रम में मिली थी। प्रधानमंत्री ने विचारपुर की खेल प्रतिभा का उल्लेख करते हुए इसे 'मिनी ब्राज़ील' की उपमा दी थी।

## 8 अक्टूबर को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

**उमरिया।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रारूप प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाना है । जिसके संबंध में स्टैडिंग कमेटी की बैठक 8 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है । बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## पनपथा रेंज के सलखनिया बीट में गश्ती के दौरान मिला बाघ का शव



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अनुपम सहाय ने बताया कि पनपथा रेंज की सालखानिया बीट में गश्ती के दौरान बाघ का शव मिला है। उन्होंने बताया कि एनटीसीए गाइडलाइंस का पालन करते हुए समस्त कार्यवाही की गई है। डॉग स्क्वॉड से सर्चिंग कराई गई है। मेटल डिटेक्टर से भी शव परीक्षण कराया गया है। वन्य प्राणी विशेषज्ञों द्वारा शव परीक्षण किया गया। शव परीक्षण में सभी अवयव पाए गए। विधिवत दाह संस्कार किया गया।

## 8 अक्टूबर को ईएचआरएमएस पोर्टल का प्रशिक्षण

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि ईएचआरएमएस पोर्टल का प्रशिक्षण 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से ई दक्ष केंद्र जिला पंचायत में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी स्थापना शाखा कलेक्ट्रेट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त, डिप्टी कलेक्टर समस्त, तहसीलदार समस्त, नायब तहसीलदारों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## स्वच्छता से समझौता कभी नहीं करना चाहिए

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा स्वच्छता संबंधी जानकारी देकर विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों के आस-पास सफाई रखने के साथ सिंगल यूज पॉलिथीन का प्रयोग न कर कपड़े से बने थैलों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि स्वच्छता का मतलब सिर्फ अपने आस-पास सफाई रखना ही नहीं है, बल्कि इसमें स्वभाव या व्यक्तिगत स्वच्छता तथा संस्कार या मानसिक स्वच्छता भी शामिल होती है। हमें स्वच्छता और सफाई से समझौता कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करके हम अपने स्वास्थ्य के साथ भी समझौता करते विद्यार्थियो को कागज के टुकड़ों, खाद्य सामग्री के पाउच एवं विभिन्न प्रकार के अन्य अपशिष्ट पदार्थों के निपटान के लिए महाविद्यालय परिसर में रखे डस्टबीनो का प्रयोग करना चाहिए।

## अजमीढ़ देव जयंती पर कार्यक्रम 7 को

**कटनी।** वेलफेयर स्वाजातीय स्वर्णकार समाज सेवा इकाई जिला कटनी के द्वारा भगवान अजमीढ़ देव महाराज की जयंती पर्व मनाया जा रहा है। समाजसेवी सोमनाथ सोनी ने देते हुये बताया कि 7 अक्टूबर को नदीपार स्थित सत्यज्योत मैरिज गार्डन में जयंती समारोह के अंतर्गत समाज के 70 वर्ष से अधिक उम्र के महिला पुरूषों का सम्मान किया जायेगा साथ ही 10 वीं 12 वीं परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों का सम्मान होगा।

### एसडीओ वन और रेंजर पर लगाया षड्यंत्र का आरोप

# डिप्टी रेंजर ने लगाई कुएं में छलांग

**उमरिया।**



विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक बार फिर सुर्खियों में है, इस बार कारण बाघों या हाथियों की मौत नहीं, बल्कि वन विभाग के अंदर मची कलह है। बांधवगढ़ की ताला रेंज अंतर्गत बठान सर्कल के हरदिहा बीट में शनिवार को उस वक्त हडक्रंप मच गया जब डिप्टी रेंजर लल्लूलाल दीक्षित ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। छलांग लगाने से पहले डिप्टी रेंजर ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर एक भावनात्मक संदेश पोस्ट कर एसडीओ वन दिलीप मराठा और रेंजर राहुल किरार पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि मैं इन लोगों के हाथों मरना नहीं चाहता, इसलिए खुद अपनी जान दे रहा हूं। संदेश पोस्ट करने के कुछ ही मिनटों बाद उन्होंने कुएं में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और ग्रामीणों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला और मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, लल्लूलाल दीक्षित लंबे समय से विभागीय उत्पीडऩ और दबाव से परेशान थे। उन्होंने कई बार मौखिक शिकायतें कीं, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। वहीं, एसडीओ दिलीप मराठा का विवादों से पुराना नाता रहा है। गढ़पुरी विस्थापन मामले में आरटीआई आवेदनकर्ता से अभद्रता करने के कारण इन्हें पूर्व में निलंबित कर भोपाल अटैच किया गया था, लेकिन प्रभावशाली संपर्कों के चलते ये दोबारा ताला रेंज में पदस्थ हो गए।इस पूरे मामले ने वन विभाग की कार्यशैली और आंतरिक भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों का व्यवहार दमनकारी होता जा रहा है, जिससे निचले स्तर के कर्मचारी मानसिक दबाव में हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने एसडीओ दिलीप मराठा और रेंजर राहुल किरार के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना के बाद पूरे बांधवगढ़ क्षेत्र में आक्रोश और असंतोष का माहौल है।

**इनका कहना है...**

जैसे ही सूचना मिली हम तत्काल मौके पर पहुंच गए हैं। मगर अभी उनकी स्थिति ठीक नहीं होने के कारण बयान नहीं हो पा रहे हैं, उनके बयान के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

**वीरेंद्र यादव**
चौकी प्रभारी, ताला

अभी हमारी प्राथमिकता डिप्टी रेंजर के जान को बचाने की है। उनकी जान सुरक्षित करने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। अभी हम इस मामले में कुछ भी नहीं बोल सकते हैं।

**डॉक्टर अनुपम सहाय**
फील्ड डायरेक्टर

# पति ने पत्थर से कुचलकर कर दी पत्नी की हत्या, आरोपी फरार



**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के रामपुर कुदरी टोला में एक दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया है। शराब के नशे में धुत्त पति ने मामूली विवाद के दौरान अपनी पत्नी को पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। घटना के अनुसार जग्गा बैगा और उसकी पत्नी अंजू बैगा दोनों ने शराब पी रखी थी। इस दौरान किसी मामूली बात को लेकर दोनों के बीच तीखा विवाद हो गया। गुस्से में जग्गा बैगा ने पास रखे पत्थर को उठाकर पत्नी के सिर पर दे मारा, जिससे अंजू बैगा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद आरोपी जग्गा बैगा फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अमलाई पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयारकिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे और शराब के नशे में विवाद सामान्य घटना बन गया था। यह भी कहा जा रहा है कि अंजू बैगा कई बार अपने पति के हिंसक रवैये से परेशान रहती थीं।

पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और पूरे क्षेत्र में छापेमारी अभियान जारी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों और पुलिस का समन्वित प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। लोग इस निर्मम हत्या की निंदा कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और घटना की गहन जांच की जा रही है।

**इनका कहना है...**

एक महिला की मौत की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। उसी दौरान पति ने पत्नी के सिर पर पत्थर से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई होगी। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

**जे.पी. शर्मा**
थाना प्रभारी, अमलाई

# व्हाट्स एप ने जोड़े दिल- विवेक नगर में दशहरा बना अनूठी मिसाल

### समाजसेवी राजेश पांडे की पहल बनी चर्चा का विषय

**शहडोल।**







**जिले के सोहागपुर एरिया कोड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विवेक नगर श्रमिक कॉलोनी और आसपास के गांव कोटवा, मोली देवी सहित ग्राम पंचायत देवरी क्षेत्र बीते दिनों एक ऐसी मिसाल बना जिसे सुनकर हर किसी का दिल गर्व से भर उठता है। यहां दशहरा का आयोजन इस बार केवल धार्मिक पर्व न रहकर सामाजिक एकता और तकनीक के सकारात्मक उपयोग का अद्भुत उदाहरण बन गया।**

इस पूरे घटनाक्रम की नींव कई साल पहले स्थानीय समाजसेवी राजेश पांडे द्वारा रखे गए एक व्हाट्सएप ग्रुप से पड़ी। इस ग्रुप की खासियत यह है कि इसमें न केवल विवेक नगर और आस-पास के गांवों के लोग जुड़े हैं बल्कि वे युवा भी शामिल हैं जो कभी यहीं पैदा हुए थे, पले-बढ़े थे, लेकिन अब रोजगार और परिवार के कारण देश के बड़े-बड़े शहरों और महानगरों में बस गए हैं। त्योहारों पर भी उनमें से अधिकांश घर नहीं लौट पाते, लेकिन दिल हमेशा अपने गांव की मिट्टी से जुड़ा रहता है। यही जुड़ाव इस बार दशहरे पर एक नई रोशनी लेकर आया। दशहरे से कुछ दिन पूर्व राजेश पांडे और ग्रुप के अन्य सक्रिय सदस्यों ने अपील की कि क्यों न वर्षों पुरानी परंपरा को फिर से जीवंत किया जाए और विवेक नगर में भव्य दशहरा मनाया जाए। देखते ही देखते ग्रुप पर संदेशों की झड़ी लग गई। दिल्ली, मुंबई, भोपाल, जबलपुर और अन्य शहरों में बसे लोगों ने न केवल उत्साह जताया बल्कि आर्थिक सहयोग भी देना शुरू किया। कुछ ही घंटों में हजारों रुपए एकत्रित हो गए और आयोजन की रूपरेखा तय हो गई।

परिणाम यह हुआ कि वर्षों बाद विवेक नगर ने एक बार फिर ऐसा दशहरा देखा जिसने पुरानी यादें ताजा कर दीं। रावण दहन हुआ, आतिशबाजी हुई, गांव और कॉलोनी के लोग देर रात तक हर्षोल्लास में डूबे रहे। सबसे खास बात यह रही कि इस बार यहां के लोगों को दशहरा देखने के लिए बुढ़ार या अनूपपुर नहीं जाना पड़ा, बल्कि खुद विवेक नगर का मैदान हजारों लोगों की भीड़ से गूंज उठा। इस आयोजन को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि यह व्हाट्सएप ग्रुप केवल दशहरे तक सीमित नहीं है। बीते वर्षों में होली, दीपावली, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी ही नहीं, बल्कि मुस्लिम समाज के त्योहार भी इसी तरह आपसी सहयोग और भाईचारे से मनाए जाते रहे हैं। लोग ऑनलाइन ही योजना बनाते हैं, सहयोग राशि एकत्रित करते हैं और फिर मिलजुलकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। विवेक नगर का यह प्रयोग आज चर्चा का विषय है। लोग कह रहे हैं कि जब तकनीक का उपयोग इस तरह समाज को जोडऩे, परंपरा को जीवित रखने और भाईचारे को बढ़ाने के लिए हो सकता है, तो यह हर जगह होना चाहिए। समाजसेवी राजेश पांडे को पूरा श्रेय दिया जा रहा है, क्योंकि उनकी पहल ने न केवल दूर-दराज़ बसे युवाओं को अपने गांव से जोड़े रखा बल्कि गांव के भीतर धार्मिक और सामाजिक एकता का सेतु भी मजबूत किया।

राजेश पांडे का कहना है कि व्हाट्सएप ने हमें अपने गांव की मिट्टी से जोड़े रखा है। भले ही लोग हजारों किलोमीटर दूर हों, लेकिन जब दिल जुड़े हों तो दूरी मायने नहीं रखती। वास्तव में यह अनूठा उदाहरण दिखाता है कि व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल सिर्फ संदेश भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और संस्कृति को जोडऩे की ताकत भी रखता है। विवेक नगर का यह दशहरा आने वाली पीढिय़ों के लिए प्रेरणा बन गया है कि तकनीक का सही उपयोग किस तरह अपने गांव और अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रख सकता है।

# कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देशन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढार के नेतृत्व में मंडलम कांग्रेस धनपुरी द्वारा शनिवार को संविधान की रक्षा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 22 से किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका धनपुरी के पूर्व अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री मुबारक मास्टर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद मोहन जयसवाल, राम सिंह, मो. कलाम एडवोकेट, अनिल जयसवाल, जुल्फकार अली एडवोकेट, गणेश कुशवाहा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष मो. साबिर, विमल सिंह, सिफतैंन खान (शालू), वसीम खान (सोमू) तथा मीडिया प्रभारी अमित सिंह बघेल की उपस्थिति में यह अभियान शुरू किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी बढ़-चढक़र भागीदारी निभाई, जिससे अभियान को जन समर्थन का स्वरूप मिला। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान केवल राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जन अधिकारों की रक्षा का आंदोलन है।

पूर्व अध्यक्ष मुबारक मास्टर ने अपने संबोधन में कहा कि देश में आज लोकतंत्र खतरे में है, संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था और जनादेश की चोरी के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष कर रही है। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक बूथ स्तर तक चलाया जाएगा, ताकि हर नागरिक संविधान की रक्षा के संकल्प में शामिल हो सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की वर्तमान सरकार ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया है और जनता के मताधिकार का अपमान किया है। इसलिए कांग्रेस पार्टी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ जनजागरण अभियान चला रही है।

हस्ताक्षर अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर नागरिकों से संविधान की रक्षा के समर्थन में हस्ताक्षर करवा रहे हैं। यह अभियान आगामी दिनों में बुढार ब्लॉक के सभी मंडलम और बूथ स्तर तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे संविधान, लोकतंत्र और जनता की आवाज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### शहडोल में ट्रैफिक व्यवस्था ठप्प

# कार बाजार वालों का अतिक्रमण बना हादसों का कारण, प्रशासन मौन

**शहडोल।**



**शहर की सडक़ों पर ट्रैफिक अव्यवस्था इन दिनों चरम पर है। नया बस स्टैंड से लेकर रीवा बाईपास तक का मुख्य मार्ग अब अघोषित कार बाजार में तब्दील हो चुका है। इस मार्ग पर सडक़ों के दोनों ओर कार डीलरों और ट्रैवल एजेंसियों ने खुलेआम कब्जा जमा रखा है। हालात यह हैं कि यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाने वाले विभागों के सामने ही सडक़ों पर वाहन खड़े हैं और अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं।**

## सडक़ों पर कब्जा, राहगीर बेहाल

नया बस स्टैंड के पास से लेकर रीवा बाईपास तक सडक़ किनारे बिना अनुमति कार डीलरों की गाडिय़ां लाइन से खड़ी हैं, जिन पर बड़े-बड़े अक्षरों में फॉर सेल लिखा हुआ है। यही नहीं, कई ट्रैवल एजेंसियों ने अपनी बसें और टैक्सियां भी सडक़ किनारे स्थायी रूप से पार्क कर रखी हैं। पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं बची, दोपहिया चालकों को किसी तरह गाडिय़ों के बीच से रास्ता निकालना पड़ता है, और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह सडक़ अब खतरे का मैदान बन चुकी है।

## हर दिन बढ़ रही दुर्घटना की आशंका

संकरी हो चुकी सडक़ पर भारी वाहनों के फंस जाने से आए दिन जाम लग रहा है। कई बार स्कूल बसें और एम्बुलेंस भी इस जाम में फंस जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस और नगर पालिका की मिलीभगत से यह अवैध कब्जा फल-फूल रहा है। अगर प्रशासन सोया रहा, तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा तय है, एक स्थानीय व्यापारी ने गुस्से में कहा।

## शिकायतें हुईं, कार्रवाई नहीं

निवासियों ने कई बार नगर पालिका और ट्रैफिक विभाग को शिकायतें भेजीं, लेकिन नतीजा सिर्फ कार्रवाई होगी जैसे आश्वासनों तक सीमित रहा। यहां तक कि यातायात कंट्रोल रूम से मात्र 200 मीटर की दूरी पर खड़ी इन बिक्री योग्य गाडिय़ों को भी कभी नहीं हटाया गया। यह स्थिति विभाग की लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है।

## जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में

प्रशासन की निष्क्रियता अब सवालों के घेरे में है। आखिर क्यों शहर के बीचों-बीच खुलेआम सडक़ पर कार बाजार संचालित हो रहा है? क्यों ट्रैफिक पुलिस की नजरें इन पर नहीं पड़तीं? जब नियम तोडऩे वाले कारोबारी खुलेआम सडक़ों पर वाहन सजा सकते हैं, तो ट्रैफिक व्यवस्था का अस्तित्व ही क्या रह गया है?

## तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन ने अवैध वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान नहीं चलाया, तो वे सामूहिक विरोध करेंगे। लोगों ने मांग की है कि ट्रैफिक पुलिस और नगर पालिका संयुक्त रूप से सडक़ों से वाहनों को हटवाएं, अवैध कब्जों पर जुर्माना लगाएं और बार-बार नियम तोडऩे वालों के लाइसेंस रद्द करें।

## कब जागेगा प्रशासन?

यातायात नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारी दफ्तरों में बैठकर रिपोर्ट तैयार करते हैं, जबकि सडक़ों पर अराजकता और अतिक्रमण का आलम है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? शहडोल की जनता अब जवाब चाहती है, आखिर कब तक शहर की सडक़ों को कार डीलरों की पार्किंग बनाकर रखा जाएगा।

## खीर बनाकर उसे चंद्रमा की रोशनी में रखना एक प्राचीन परंपरा



**अमरकंटक।** शरद पूर्णिमा का पर्व देवी लक्ष्मी की कृपा, चंद्रमा की अमृत वर्षा और भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला के कारण विशेष रूप से मनाया जाता है। यह रात्रि न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से, बल्कि स्वास्थ्य और ऊर्जा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया कि इस दिन खीर बनाकर उसे चंद्रमा की रोशनी में रखना एक प्राचीन परंपरा है। ऐसा माना जाता है कि पूर्णिमा की रात चंद्रमा से अमृत बरसता है, जो शरीर और मन को दिव्य ऊर्जा प्रदान करता है तथा स्वास्थ्य लाभ पहुंचाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के समय देवी लक्ष्मी का प्राकट्य शरद पूर्णिमा के दिन ही हुआ था, इसीलिए इस तिथि को कोजागिरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। कहा जाता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत बरसता है। यह अमृत शरीर को शीतलता, स्फूर्ति और रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। धार्मिक मान्यता यह भी है कि शरद पूर्णिमा की रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में राधा रानी और गोपियों के साथ दिव्य रास रचाया था, जो प्रेम, भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम माना जाता है। शरद पूर्णिमा पर बनाई जाने वाली खीर को शुद्धता और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। इसे चंद्रमा की रोशनी में रखकर देवी लक्ष्मी को अर्पित करने से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। दूध और चावल के मिश्रण से बनी यह खीर पोषण, प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है। पंडित संदीप ज्योतिषी के अनुसार, "शरद पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें यह सिखाता है कि श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ किए गए कर्म ही जीवन में वास्तविक समृद्धि लाते हैं।

# राजनगर में धूमधाम से मना दशहरा महोत्सव

**मंत्री दिलीप जायसवाल ने नगर वासियों को दी शुभकामनाएं**

**उमेश शर्मा क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र ने दशहरा पर्व की शुभकामनाएं'**

**असत्य पर सत्य की हुई जीत, रावण का जला अहंकार'**



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** राजनगर में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। राजनगर गोपाल पंडाल में रावण के पुतले का दहन तथा बस स्टैंड राजनगर बाजार में रावण का दहन किया गया। गोपाल पंडाल राजनगर में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा आयोजन समिति द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उमेश शर्मा क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र रहे। जिनके द्वारा रावण का दहन किया गया। तथा नगर वासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई, उसी क्रम में राजनगर बस स्टैंड में दुर्गा पूजा समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप जायसवाल रहे। जिनके द्वारा रावण का दहन किया गया, तथा सभी नगर वासियों को दशहरे पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। राजनगर में दुर्गा पूजा आयोजन समितियो में प्रमुख रूप से न्यू राज नगर दुर्गा पंडाल, राजनगर बस स्टैंड दुर्गा पंडाल, बंगाली पंडाल बाबू लाइन, शांति नगर दुर्गा पंडाल, दुर्गा मंदिर सीधी दफाई, तथा दुर्गा पंडाल सेक्टर सी कॉलोनी में इस बार भी हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर वासियों ने माता रानी के दर्शन किए।

## शराब ठेकेदार के कर्मचारी द्वारा फोन कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी दीपेश जैन को शराब ठेकेदार के कर्मचारी द्वारा फोन कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने फोन से धमकी देने वाले कर्मचारी के खिलाफ धारा 296 351 (4) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। विदित रहे कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन जिला कलेक्टर के आदेश पर लाइसेंसी शराब दुकान सील होने के बाद भी ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा पीछे के दरवाजे से खोलकर पूरे दिन शराब बेची जाती रही जिसकी सूचना पर दीपेश जैन ने मौके पर पहुंचते हुए घटना की शिकायत जिला कलेक्टर, आबकारी व पुलिस को दी। इसके बाद ठेकेदार के कर्मचारी ने फोन लगाकर अभद्रता की शराब बेचने एवं जान से मारने की धमकी के मामले में नगर में जमकर आक्रोश देखा गया। नागरिकों के द्वारा गांधी जयंती अहिंसा दिवस के दिन लायसेंसी शराब दुकान के पीछे रास्ते से शराब बेचने पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। दीपेश जैन की शिकायत पर पुलिस ने शराब दुकान के कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मामला दर्ज करते हुए विवेचना कर रही है।

**खबर संक्षेप**

### आज द्वारका तीर्थ यात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कटनी जिले से 5 अक्टूबर रविवार को 279 तीर्थ यात्री श्री द्वारका जी की तीर्थयात्रा पर जायेंगे। इसके लिए रात्रि 8 बजे मुड़वारा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन योजना की भारत गौरव विशेष ट्रेन रवाना होगी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए पर्यवेक्षक और अनुरक्षक और चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। तीर्थ यात्रा योजना के प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री जितेन्द्र पटेल ने बताया कि नायब तहसीलदार बरही प्रसन्न वर्मा को पर्यवेक्षक बनाया गया है जबकि सुनीत सिंह, महावीर तोमर,कमल नायकर,आर पी मार्को और दिनेश विश्वकर्मा को अनुरक्षक नियुक्त किया गया है। ये सभी तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। तीर्थ यात्रियों को आपात स्थिति में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ रविशंकर सोनी और नर्सिंग आफीसर सुश्री नीतू वर्मा भी यात्रियों के साथ जायेंगे। तीर्थ यात्रियों के साथ सुरक्षा कर्मी के तौर पर एएसआई बुधना सिंह एस ए एफ और प्रधान आरक्षक योगेन्द्र सिंह, रामकुमार यादव, रविन्द्र सिंह और कोक सिंह भी जायेंगे।

### दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन मासांत तक

**कटनी।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। जिले से अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं को योजना हेतु आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करें एवं अधिकारी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### जिले में अब तक 1158.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 4 अक्टूबर तक कुल 1158.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1479.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1072.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1212.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1479.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1037 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 980.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1048.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1107.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# हाथियों ने मचाई तबाही: भारतीय किसान संघ ने किया फसल नुकसान का निरीक्षण, दिलाई मुआवज़े की उम्मीद

जिले के पाली तहसील के अंतर्गत घुनघुटी, बिजोरा और पटनार सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सरगुजा की ओर से आए 12 जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों की धान और कुटकी की फसलों को बर्बाद कर दिया।





उमरिया

ग्रामीणों में भारी चिंता का माहौल है और कई किसान फसल नुकसान से परेशान हैं।इस स्थिति को देखते हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर किसानों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके नुकसान की भरपाई प्रशासन से कराई जाएगी।शनिवार, 3 अक्टूबर 2025 को भारतीय किसान संघ की टीम ने एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप, सीडीओ दिगेंद्र सिंह, डीएफओ पाली, पटवारी और किसान भाइयों के साथ मिलकर नुकसानग्रस्त खेतों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान फसल नुकसान का मूल्यांकन किया गया और जंगली हाथियों को बांधवगढ़ जंगल क्षेत्र की ओर खदेड़ने की रणनीति भी बनाई गई।जानकारी के अनुसार, हाथियों का दल बीट क्रमांक 492 से होकर रात में गांवों की ओर प्रवेश करता है और किसानों की मेहनत से उगाई फसल को रौंद देता है।भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से किसानों को शीघ्र राहत राशि प्रदान करने की मांग की है और कहा है कि संगठन हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ा रहेगा

# सप्तशक्ति संगम की पत्रकार वार्ता सम्पन्न






बिरसिंहपुर पाली

विद्याभारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती द्वारा मातृ-शक्तियों के कार्यक्रम के रुप में सप्तशक्ति संगम के माध्यम से पंचपरिवर्तन के विषयों में कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसके तहत दिनांक 5 अक्टूबर को महारानी दुर्गावती जयंती के शुभ अवसर पर सप्तशक्ति संगम का जिला केंद्र में पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला संयोजिका श्रीमती कौशिल्या चक्रवर्ती दीदी, जिला वक्ता श्रीमती ज्योति द्विवेदी दीदी , वक्ता माधवी सिंह दीदी एवं विद्यालय की संयोजिका मातृ-शक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ आदरणीय पत्रकार बन्धू श्री दीपू त्रिपाठी जी, श्री अमित दत्ता जी ,श्री ओमप्रकाश अग्रवाल जी, श्री श्रीधर राव जी ,श्री तपस गुप्ता जी, श्री राजकुमार गौतम जी की उपस्थिति रही कार्यक्रम विद्या भारती के परंपरानुसार दीप प्रज्वलन ,वाणी वंदना से प्रारंभ होकर कल्याण मंत्र में समाप्त हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती पूनम यादव दीदी ने किया।

# ऑनलाइन नीति के दौर में ऑफलाइन तबादला!

## अरविंद पाण्डेय ने नियमों को दी खुली चुनौती

### डीईओ कार्यालय में 'रसूख' ने हरा दी नीति

शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 6 मई 2025 के आदेश क्रमांक 91 और 6 अगस्त 2025 के आदेश क्रमांक 849 के तहत जारी स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार शिक्षकों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से की जानी थी। शासन ने साफ कहा था कि किसी भी प्रकार का ऑफलाइन या हार्डकॉपी आवेदन अमान्य माना जाएगा, लेकिन शहडोल में विभागीय नियमों की यह नीति महज कागजों तक सीमित रह गई है। सूत्रों के अनुसार जिला शिक्षा विभाग में पदस्थ एपीसी (रमसा) अरविंद पाण्डेय ने अपने रसूख और प्रभाव का उपयोग कर 30 जून 2025 को कलेक्टर से ऑफलाइन तबादला आदेश जारी करा लिया, जो न केवल शासन की नीति के विपरीत है बल्कि स्थानांतरण नीति 2022 के हर बिंदु का खुला उल्लंघन है। बताया जा रहा है कि यह तबादला उनकी सरहज किरन तिवारी के पक्ष में किया गया है।शासन के आदेश के बिंदु संख्या 5 में स्पष्ट उल्लेख है कि स्थानांतरण केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही मान्य होंगे, किसी भी स्तर पर ऑफलाइन आदेश अथवा मैन्युअल प्रक्रिया की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बावजूद शहडोल में कलेक्टर लॉगिन से इतर यह ऑफलाइन आदेश जारी होना प्रशासनिक निष्पक्षता पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि अरविंद पाण्डेय न केवल रमसा योजना के एपीसी हैं, बल्कि जिले में करोड़ों रुपये के पेंट, मरम्मत और निर्माण कार्यों के 'सूत्रधार' माने जाते हैं। विभाग में उनका प्रभाव इतना गहरा है कि वरिष्ठ अधिकारी भी उनके ऑफ रिकॉर्ड डीईओ जैसी स्थिति से इंकार नहीं कर सकते। जानकारों का कहना है कि यह मामला अब 'बुढ़वा एनएसए प्रकरण' की तरह न्यायिक दखल की ओर बढ़ रहा है। पीड़ित पक्ष द्वारा जल्द ही उच्च न्यायालय में याचिका दायर किए जाने की तैयारी है, ताकि शासन के आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जा सके। शासन की पारदर्शी ऑनलाइन प्रणाली को दरकिनार कर इस तरह के व्यक्तिगत हितों से प्रेरित आदेश ने शिक्षा विभाग की साख को झटका दिया है। सवाल यह है कि जब शासन स्वयं डिजिटल ट्रांसफर प्रणाली पर सख्त है, तो शहडोल में यह ऑफलाइन खेल आखिर किसकी शह पर चल रहा है? यदि उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप किया तो संभव है कि एक बार फिर शहडोल प्रशासन को नियमों और नीति की सही परिभाषा समझनी पड़े।

## चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है

# शहडोल में पद रथ यात्रा का भव्य स्वागत



शहडोल।

संभाग के कोतमा से मैहर तक निकली माँ शैलपुत्री भक्ति मंडल की पद रथ यात्रा शनिवार को शहडोल पहुंची, जहां नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। यह धार्मिक यात्रा 2 अक्टूबर 2025 को कोतमा बस स्टैंड परिसर से प्रारंभ हुई थी और 4 अक्टूबर को शहडोल पहुंची।

यात्रा में लगभग पांच हजार भक्तों की भागीदारी रही, जबकि आयोजकों के अनुसार मैहर धाम पहुंचते-पहुंचते करीब बीस हजार श्रद्धालु इस यात्रा से जुड़ जाएंगे। इस भव्य पद रथ यात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों द्वारा काली नृत्य का प्रदर्शन, माता की सुंदर झांकियों की प्रस्तुति और चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है जैसे जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

यात्रा में शामिल श्रद्धालु पैदल चलते हुए माता शैलपुत्री की स्तुति करते रहे। शहडोल पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और भक्तों ने पुष्पवर्षा, मिठाई एवं फल वितरण कर यात्रियों का अभिनंदन किया। पूरा शहर देवी भक्ति के रंग में रंग गया और रथ यात्रा के स्वागत में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा में शामिल भक्त अशोक अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा धर्म, आस्था और एकता का प्रतीक है। माता के आशीर्वाद से हजारों श्रद्धालु कठिन यात्रा कर भी उत्साह और भक्ति से ओत-प्रोत हैं। रथ यात्रा शहडोल से आगे अपने अगले पड़ावों के लिए रवाना हुई, जहां विभिन्न नगरों और ग्रामों में भी इसी तरह श्रद्धापूर्वक स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

## टोल केबिन में घुसकर कर्मचारी से मारपीट

# वीडियो वॉयरल, जांच में जुटी पुलिस

शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ टोल प्लाजा पर शुक्रवार की रात जमकर हंगामा हुआ, टोल टैक्स को लेकर ट्रक चालकों और टोल कर्मियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया, घटना के दौरान कुछ युवकों ने टोल के केबिन के अंदर घुसकर कर्मचारी को घसीटते हुए बाहर निकाला और दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, पूरी घटना टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टोल टैक्स को लेकर पहले बहस हुई थी, जो कुछ ही मिनटों में हाथापाई में बदल गई, कुछ शरारती तत्वों ने टोल केबिन में घुसकर कर्मचारी को बाहर खींच लिया और सडक़ पर गिराकर घसीट-घसीट कर मारपीट की, वीडियो में साफ दिख रहा है कि टोल कर्मी को कई लोग घेरकर पीट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टोल स्टाफ के कुछ सदस्यों ने भी जवाबी हमला किया, टोल प्लाजा में लगे कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो चुकी है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में टोल कर्मियों की गुंडागर्दी को लेकर भी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। टोल स्टाफ और वाहन चालकों के बीच लगातार विवाद की स्थिति बनी रहती है।



घटना की सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक और टोल कर्मियों दोनों पक्षों से शिकायत प्राप्त हुई है, जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज को जांच में शामिल कर लिया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में मऊ टोल प्लाजा पर नगर परिषद अध्यक्ष और टोल स्टाफ के बीच भी विवाद का वीडियो वायरल हुआ था, लगातार हो रहे विवादों के चलते यह टोल प्लाजा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि टोल संचालन में पारदर्शिता और शालीनता की कमी के कारण जनता और कर्मचारियों के बीच टकराव की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### इनका कहना है

टोल प्लाजा में मारपीट की सूचना आई थी, टोल में लगे सीसी टीवी फुटेज लेकर मामले की पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

**मोहन पड़वार**
**उपनिरीक्षक थाना ब्यौहारी**

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# अंडरग्राउंड नाली निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत, प्रगतिरत निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय- सीमा में पूर्ण कराते हुए अभियान चलाकर सीसी जारी कराएं। विशेष रूप से विगत वर्षों के एक- एक अपूर्ण कार्यों की निगरानी करते हुए पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को उसका लाभ शीघ्र मिल सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को, कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी, प्रगति एवं गतिविधियों से कलेक्टर श्री तिवारी को विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

स्वीकृत निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदि कर्म योगी अभियान की कार्य योजना में नाली निर्माण कार्यों को सम्मिलित करें । जिले के प्रत्येक ग्राम में नाली निर्माण स्थलों को चिन्हित करते हुए, जहां नाली निर्माण होना शेष है वहां अंडरग्राउंड नाली निर्माण को कार्य योजना में शामिल करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने कहा कि जहां नाली निर्माण हो चुका है लेकिन बीच में काम होना शेष है तो गैप फिलिंग आवश्यक रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें। दूषित पानी का निस्तारीकरण बेहतर ढंग से हो ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर गंदा पानी बहने से गंदगी न हो। कलेक्टर ने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर को योजनाओं की प्रगति का रिव्यू करने को कहा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की पूर्णता की ग्रामवार विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक श्री विमल चौरसिया से आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत पोर्टल पर दर्ज प्रगति की जानकारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठोस कार्य योजना तैयार कर जनहितैषी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदि कर्मयोगी अभियान की कार्य योजना में अंडरग्राउंड नाली निर्माण कार्यों को सम्मिलित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सभी जनपद पंचायतों के सीईओ स्थल निरीक्षण कर कार्यों का सत्यापन करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवास पूर्णता हेतु एक बेहतर प्लान बनाकर आवास पूर्णता में प्रगति लाई जाए। इस दौरान उन्होंने ईकेवाईसी की प्रगति की जानकारी भी ली। मनरेगा अंतर्गत लेबर बजट, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु राशि भुगतान के समय विशेष रूप से जनपद पंचायतों के माध्यम से आवश्यक जानकारी संकलित कर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार उपयोगी कार्यों को कराया जाए। जनमानस को इसका अधिक से अधिक लाभ मिले ऐसा ध्यान रखें। 15वें वित्त के अंतर्गत प्राप्त राशि एवं व्यय के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि अपूर्ण कार्यों को प्रॉपर रूप से मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण कराने के साथ कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कराया जाना सुनिश्चित करें।




# गांधी और शास्त्रीजी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

दशरमन ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती में उनके छाया चित्र में तिलक वंदन कर उनके आदर्श सिद्धांतों को याद किया गया । साथ ही पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम के लोगों ने अपनी समस्या को बताया। सरपंच श्रीमति सीमा भरत शुक्ला ने स्थानीय समस्या का निराकरण तुरंत कर दिया ।

इस दौरान सचिव विजय दुबे ,जनपद सदस्य गणेश दत्त गौतम, पंच महेंद्र शुक्ला , विक्की शुक्ला, शुभम गौतम,रेखा सेन, अरविंद सोनी, सुरेश चक्रवती, नोने राजभर,राजू गौतम अन्य सभी नागरिक उपस्थित रहे ।

खबर संक्षेप

## गांधी जयंती पर गांधी जी का अपमान, गांधीवादी संगठनों ने जताया आक्रोश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जहां देशभर में गांधी विचारों पर संगोष्ठियां और स्वच्छता अभियान चल रहे थे, वहीं जिला मुख्यालय के स्टेशन चौक पर गांधी जी की छवि का अपमान देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे साउंड सर्विस संचालकों द्वारा उत्सव में नकली नोटों की वर्षा की गई। इन नकली नोटों पर महात्मा गांधी जी का छायाचित्र अंकित था, जो पूरे स्टेशन चौक में बिखर गए। दुर्भाग्यजनक दृश्य यह रहा कि इन नोटों पर जनता, पुलिसकर्मी और श्रद्धालु तक चलते-फिरते उन्हें पैरों तले रौंदते नज़र आए। यह दृश्य गांधी जयंती जैसे पावन दिवस पर राष्ट्रपिता के प्रति असम्मान का प्रतीक बन गया। इस पर गांधीवादी विचारधारा से जुड़े एडवोकेट जयंत राव व समाजसेवी प्रशांत शुक्ला ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, "गांधी जी जैसे महापुरुषों की तस्वीर वाले नकली नोटों का उपयोग न केवल नैतिक अपराध है बल्कि राष्ट्र की आत्मा का अपमान भी है। शासन को तत्काल इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए और ऐसे नोट उड़ाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शादी-ब्याह और जुलूसों में "नकली या असली नोट उड़ाने" की परंपरा भी सामाजिक विकृति का रूप ले चुकी है, जिस पर समाज और प्रशासन दोनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस प्रकरण ने जिले में सामाजिक जागरूकता, संस्कृति और कानून के सम्मान को लेकर गहन बहस छेड़ दी है।

## जिले में 17.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 17.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 13 मिली मीटर, कोतमा में 13 मिली मीटर, बिजुरी में 16.4 मिली मीटर, जैतहरी में 15 मिली मीटर, वेंकटनगर में 9.4 मिलीमीटर, पुष्पराजगढ़ में 26.4 मिली मीटर,अमरकंटक में 29 मिलीमीटर तथा बेनीबारी में 20.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

## बटुरा में फिर खुली मौत की खदानें, प्रशासन की आँखों पर पट्टी

**अनूपपुर।** अनूपपुर शहडोल जिले के सीमा पर अमलाई और चचाई थाना अंतर्गत बटुरा और बकही गांव में एक बार फिर वही खतरनाक खेल शुरू हो गया है। कोयले की काली कमाई के लिए जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिन अवैध खदानों को प्रशासन ने मौतों के बाद बंद करवाया था, वे अब फिर खुल गई हैं। फर्क बस इतना है कि अब यह सब कुछ खुलेआम, नेशनल हाइवे के किनारे हो रहा है। झुग्गियां डालकर दिन-रात खुदाई, ट्रैक्टरों और पिकअपों से कोयले की सप्लाई, और प्रशासन मूक दर्शक। यह दृश्य केवल अवैध खनन का नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की नाकामी और मिलीभगत का भी आईना है। आखिर बिना संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर खुदाई और परिवहन संभव कैसे है। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह नहीं देख रहा कि मौत की वो खदानें फिर से सांसें निगलने को तैयार हैं। बटुरा की इन खदानों में पहले भी कई निर्दोष मजदूर अपनी जान गंवा चुके हैं।

## बारिश और तेज आंधी ने 'पानी' में बहाया किसानों की मेहनत

# जमीन पर सो गई खेत में लहलहा रही धान की फसल हुई चौपट

### किसानों की पीड़ा- नहीं मिलता फसल बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





बारिश के साथ तेज आंधी ने किसानों की फसल को चौपट कर दिया। खेत में लहलहा रही धान की फसल पूरी तरह जमीन पर सो गई। बारिश और तेज आंधी के आने से खेतो में लगी धान की फसल बर्बाद हो गया, चूंकि इस समय धान में दाने लगना शुरू ही हुआ था, फसल पूरी तरह सो जाने से उत्पादन में गिरावट तो आयेगी ही साथ ही किसानों को मेहतन भी अलग से करना पडेग़ा। मौसम की मार से फसल बर्बाद होना कोई नई बात नहीं, लेकिन जब कोई फसल पूरी मेहनत, लगन और पूंजी लगाकर तैयार की जाए और अचानक से आई आंधी-तूफान में चौपट हो जाए, तो किसान की हालत शब्दों में बयान करना मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही नजारा हाल ही में देखने को मिला जब तेज हवाओं और बरसात ने खेतों में खड़ी धान की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया।

### मेहनत पर फिरा पानी

धान की खेती में मेहनत के साथ-साथ पूंजी भी लगती है, किसान बीज बोने से लेकर रोपाई और फिर देखभाल में दिन-रात मेहनत करता है। खाद, पानी और दवाइयों पर खर्च करने के बाद जब फसल पकने की स्थिति में आती है, तब जाकर किसान को उम्मीद बंधती है कि उसकी मेहनत रंग लाएगी। लेकिन तेज आंधी ने किसानों के सारे सपनों को तोड़ दिया। खेतों में लहलहाती फसल देखते ही देखते जमीन से चिपक गई। अब फसल की कटाई बेहद मुश्किल हो गई है और दाने सडऩे का खतरा भी बढ़ गया है। धान की फसल यदि खड़ी रहे तो आसानी से कटाई हो जाती है। लेकिन जमीन से चिपकी हुई फसल को काटना बेहद कठिन होता है। इससे कटाई में समय और मजदूरी दोनों अधिक लगेंगे। इतना ही नहीं, गिरी हुई फसल में पानी भर जाने और नमी बढ़ जाने से दाना काला पडऩे या सडऩे का भी खतरा रहता है। किसानों का मानना है कि इस आपदा से उत्पादन में कम से कम 40 से 60 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

### किसान हुए प्रभावित

तहसील अनूपपुर के राजस्व हल्का परसवार ग्राम मौहरी के किसानों को ज्यादा नकुसान उठाना पड़ेगा। चूंकि बुधवार की शाम सबसे ज्यादा आंधी उसी क्षेत्र में पहुंचा है, जहां दर्जनों किसानों के खेतो में लहलहा रही फसल पूरी तरह सो गई। कई किसानों के तो पूरी खेत की फसल ही चौपट हो गई और कई किसानों के आधी खेत की फसल खड़ी है और आधी जमीन से चिपक गई है।

### नहीं मिलता फसल बीमा का लाभ

आंधी-तूफान और बरसात से बर्बाद हुई धान की फसल ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई है, जिससे उत्पादन घटने और दाना सडऩे का खतरा बढ़ गया है। किसानों को अब उम्मीद है कि उन्हें फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा, लेकिन हकीकत इसके विपरीत हो जाता है। समय पर दावा निपटारा न होने और बीमा कंपनी की लापरवाही के कारण किसानों को लाभ नहीं मिल पाता है, इस बार उम्मीद है कि बीमा कंपनी किसानों की सफलो का उचित दाम देगा।

### किसानों की पीड़ा

ग्राम मौहरी के किसान नारायण पटेल का कहना है कि हमने पूरी पूंजी और मेहनत इस फसल में लगा दी थी। उम्मीद थी कि इस बार फसल अच्छी होगी, लेकिन आंधी-तूफान ने सब चौपट कर दिया। अब कटाई और मड़ाई का खर्च भी निकालना मुश्किल हो गया है। धान जमीन से चिपक जाने पर मशीन से कटाई संभव नहीं रहती। हमें मजदूरों से कटाई करानी होगी। मजदूरी पहले ही महंगी है, ऐसे में नुकसान और बढ़ जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मुआवजा नहीं मिला तो कई किसानों को कर्ज में डूबना पड़ेगा। कृषक रमेश पटेल ने बताया कि बीज, खाद, कीटनाशक, पानी और मजदूरी के बढ़ते खर्च ने किसानों की कमर तोड़ दी है। ऊपर से फसल का उचित मूल्य न मिलना किसानों की स्थिति और खराब कर देता है। आंधी और तूफान से बर्बाद हुई फसल ने किसानों के सामने दोहरी मार खड़ी कर दी है। एक ओर उत्पादन में भारी गिरावट, दूसरी ओर बची हुई फसल को बचाने का संघर्ष। ग्राम मौहरी के किसान ललन पटेल ने कहा कि किसानों की फसल चौपट होने का असर सिर्फ उनकी आय पर ही नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीण अर्थतंत्र पर पड़ता है। जब किसानों के पास पैसा नहीं होगा, तो वे रोजमर्रा की जरूरतों की खरीदारी भी नहीं कर पाएंगे। इसका असर बाजार, व्यापार और मजदूर वर्ग पर भी पड़ेगा। किसानों को अब भी उम्मीद है कि शासन-प्रशासन उनकी मदद करेगा और उचित मुआवजा मिलेगा।

# खदानों से निकले कोयले की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।

कोयला खदानों से निकले कोयले और वाहनों की ट्रैकिंग अब और सटीक होगी। साथ ही दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी. इसके लिए कोल इंडिया ने बीएसएनएल की मदद ली है। कोल इंडिया अपने खदान क्षेत्रों में कैप्टिव नन पब्लिक नेटवर्क (निजी फाइव जी नेटवर्क) स्थापित करायेगी। इसके माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी। कंपनी के अधिकारी कार्यालय में बैठ कर एआरवीआर (ऑगमेंटेड रियलिटी एंड वर्चुअल रियलिटी) के जरिये इसकी मॉनिटरिंग आसानी से करेंगे। यही नहीं, ड्रोन के माध्यम से भी कई जानकारी मिलेगी. खास बात यह है, कि यह नेटवर्क पूरी तरह कोल इंडिया के कंट्रोल में रहेगा और किसी भी बाहरी नेटवर्क पर निर्भरता खत्म होगी। कैप्टिव नन पब्लिक नेटवर्क एक ऐसा निजी 5जी सिस्टम होता है, जिसका उपयोग किसी एक संगठन द्वारा अपने आंतरिक संचालन और संचार के लिए किया जाता है। इससे नेटवर्क भी काफी सुरक्षित रहता है।

### हर प्वाइंट की होगी निगरानी

कैप्टिव नन पब्लिक नेटवर्क (सीएनपीएन) स्थापित होने से काफी लाभ मिलेगा। कई जानकारी सीधे कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। नेटवर्क की मदद से खदानों में लगे सेंसर, कोयला की लोडिंग-अनलोडिंग, ट्रक, वजन केंद्र, डिस्पैच का डाटा सीधे कंट्रोल रूम तक पहुंचेगा। खास बात यह है कि अधिकारी कार्यालय से देख सकेंगे कि कौन सी खदान से कितना कोयला निकला, किस वाहन से इसकी ट्रांसपोर्टिंग हुई और यह कहां तक पहुंचा है। यही नहीं, अधिकारियों के स्थल निरीक्षण की अनिवार्यता भी लगभग खत्म हो जायेगी। इससे समय की बचत होगी। इन नेटवर्क सेवाओं के लिए कंपनी ने बीएसएनएल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया है।

## पति व सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज सास गिरफ्तार

# शादी के डेढ़ साल के भीतर ही नवविवाहिता की जलकर मौत

### दहेज के लिए बहन की हत्या का भाई ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के ग्राम पचौहा में 3 अक्टूबर को 24 साल पूजा विश्वकर्मा की जलकर मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पति अभय उर्फ सोनू विश्वकर्मा और सास राधा बाई विश्वकर्मा पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने 4 अक्टूबर को इस मामले में सास राधा बाई को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान आग बुझाने में पति अभय भी झुलस गया, जिसका इलाज जारी है।

### दहेज के लिए बहन की हत्या का भाई का आरोप

शहडोल में रहने वाले मृतक के भाई मिथलेश विश्वकर्मा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि पति और सास राधा बाई दहेज की मांग करते थे और मायके से पैसा लाने का



दबाव डालते थे। वे कहते थे कि तुम्हारे पिता कोल माइंस से रिटायर हुए हैं, अपने हिस्से का पैसा मंगवाओ। मिथलेश ने यह भी बताया कि एक बार मारपीट होने पर पूजा ने 112 डायल कर पुलिस को बुलाया था, जिस पर पुलिस ने समझाइश दी थी। जिस कमरे में पूजा आग से जली हुई मिलीं, वहां बाहर से ताला लगा हुआ था। दहेज की मांग को लेकर उसके पति और सास ने आग लगाकर उसकी हत्या की है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृतक के फेफड़ों में कार्बन डाइऑक्साइड पाई गई। जानकारी के अनुसार, पूजा विश्वकर्मा उस समय किचन में मौजूद थीं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उनके फेफड़ों में कार्बन डाइऑक्साइड पाई गई है। डॉक्टरों के अनुसार, जब कोई व्यक्ति जीवित अवस्था में सांस लेता है, तभी उसके फेफड़ों में कार्बन डाइऑक्साइड पाई जाती है। इससे यह संकेत मिलता है कि महिला घटना के समय जीवित थी। पुलिस का मानना है कि आरोपी ने पहले महिला पर हमला किया और उसे मरा समझकर आग के हवाले कर दिया।

### एक साल चली शादी

पुलिस के अनुसार, पूजा की शादी अभय विश्वकर्मा से 25 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी के लगभग 6 महीने बाद से ही पति अभय और सास राधा बाई दहेज की मांग कर रहे थे। वे पूजा को मायके से पैसे लाने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति करते थे और पैसे न लाने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। इस मामले में जैतहरी पुलिस ने पति अभय उर्फ सोनू विश्वकर्मा और सास राधा बाई विश्वकर्मा के खिलाफ दहेज की मांग और प्रताड़ना का केस दर्ज किया है।

## मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया मुस्लिम होनहार छात्रों को पुरस्कृत

# पढ़ो बढ़ो और मुल्क की तरक्की करो योजना के तहत कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज कोतमा।

वक्फ इस्लामिया अंजुमन कमेटी लहसुई द्वारा मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल के मार्गदर्शन मे पढ़ो बढ़ो और मुल्क की तरक्की करो योजना के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम बच्चों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 4 अक्टूबर शनिवार को रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा के जिला मंत्री प्रभात मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद, अंजुमन सदर हाजी सनाऊ हक़ आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहाँ की यहाँ प्रतिभाओ की कमी नहीं है यहाँ के बच्चे हर क्षेत्र में आगे है यहाँ की अंजुमन ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों का हौसला अफजाई की वह काम कबीले तारीफ है हम बच्चों के लिए कोतमा उत्कृष्ट विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की निशुल्क शिक्षा दी जा रही है, साथ ही कोतमा मे एक बड़ा सर्व सुविधा इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा, हमारी सरकार सबका साथ विकास चाहती है, वर्तमान का युग ज्ञान का युग है इसलिए पढ़ाई सबसे ज्यादा जरुरी है, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम हमारे आदर्श है, हर बच्चा अपना लक्ष्य बनाकर पढ़ें लक्ष्य होगा तो आप सफल होंगे साथ ही वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष इरशाद अहमद ने कहाँ की मोहन सरकार, व मोदी सरकार अल्पसंख्यको के लिए कई योजनाए चला रही है प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल हमारे क्षेत्र के विकास के लिए लगे हुए हैं हर वर्ग के लोगो का ख्याल रखा है, हमें खुशी है की आज हमारे बीच शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के हौसला बढ़ाने के लिए आये है, हम मुस्लिम समाज की ओर से उनका स्वागत करते है इस अवसर पर इक़बाल बोहरा, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, प्रभात मिश्रा ने भी अपने अपने विचार रखे।

### किया गया सम्मानित

पुरस्कार वितरण समारोह में वक्फ इस्लामिया अंजुमन कमेटी लहसुई द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष इरशाद अहमद के कार्यों की जमकर तारीफ की और पढ़ो बढ़ो और मुल्क की तरक्की करो योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन के लिए धन्यवाद दिया साथ ही यह भी कहाँ की हमारी सरकार हमेशा अल्पसंख्यको के साथ खड़ी है, उन्होंने धार्मिक शिक्षा मे बेहतरीन पढ़ाई करने वालो के साथ साथ मे इस वर्ष कक्षा 10 व 12 वी में 70 फ़दिसी से अधिक अंक पाने वाले लगभग 50 विद्यार्थियों को पुरुस्कार व प्रशस्ती पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया, साथ ही नीट की परीक्षा पास कर शासकीय मेडिकल कॉलेज दतिया मे एमबीबीएस में दाखिला लेने वाली अनूपपुर जिले की डोला निवासी होनहार छात्रा तरन्नुम को भी सम्मानित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल व वक्फ बोर्ड के जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद ने कहा कि इसकी पढ़ाई के लिए हम हर संभव मदद करेंगे।



# अनूपपुर विधानसभा में कांग्रेस संगठन के तीनों ब्लॉक में बैठक सम्पन्न

### ब्लॉक अध्यक्ष चयन प्रक्रिया को गति देने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ब्लॉक क्रमशः अनूपपुर, जैतहरी एवं जमुना बदरा में वोट चोर गद्दी छोड़ मुहिम के तहत राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान को गति देने तथा तीनों ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्ष चयन प्रकिया को आगे बढ़ाने के लिए सम्पन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डु चौहान द्वारा राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान एवं ब्लॉक अध्यक्ष चयन प्रकिया के लिए जिला प्रभारी के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा एवं अनूपपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामखेलावन राठौर को नियुक्त किया गया। जहां प्रभारियों द्वारा अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के तीनों ब्लॉकों में दौरा कर 29 सितंबर को अनूपपुर ब्लॉक के पदाधिकारियों की एवं 04 अक्टूबर को जैतहरी ब्लॉक के पदाधिकारियों की तथा 04 अक्टूबर को ही जमुना बदरा ब्लॉक के पदाधिकारियों की एक बैठक जिलाध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डु चौहान की विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण सहित ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, विभाग/प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहें। अनूपपुर ब्लॉक में बैठक का आयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष वेदक पटेल द्वारा किया गया। जहां जिला प्रभारी मनोज मिश्रा एवं विधानसभा प्रभारी रामखेलावन राठौर ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्पूर्ण कार्य योजना के अवगत कराया। जैतहरी ब्लाक में बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। जमुना बदरा ब्लॉक में बैठक का आयोजन हस्ताक्षर व संगठन सृजन अभियान जिला प्रभारी मनोज मिश्रा द्वारा किया गया। बैठक को प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डु चौहान, अभियान के जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, विधानसभा प्रभारी रामखेलावन राठौर, वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम जिला प्रभारी जीवेंद्र सिंह, जनपद पंचायत जैतहरी अध्यक्ष राजीव सिंह के साथ साथ अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डु चौहान ने कहा कि जो व्यक्ति काम करेगा वहीं संगठन में पदाधिकारी बनेगा, किसी नेता का करीबी या खास होने बस से पदाधिकारी नहीं बनेगा। आपको क्षेत्र में काम करते हुए दिखना होगा, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन में दिखना पड़ेगा, हमारे नेता राहुल गांधी एवं जीतू पटवारी के दिशा निर्देश पर कार्य करना होगा और वोट चोर गद्दी छोड़ मुहिम के तहत राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान को हर बूथ तक पहुंचाकर, लोगो को जागरूक कर, दिए गए फार्म में ज्यादा से ज्यादा हस्ताक्षर कराना होगा वहीं व्यक्ति कांग्रेस पार्टी में जिला, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर एवं बूथ का पदाधिकारी बनेगा। किसी नेता के केवल लेटर पैड में लिख देने भर से पदाधिकारी नहीं बनाया जाएगा, आपको काम करना पड़ेगा, तभी आप कांग्रेस पार्टी में पदाधिकारी बन पायेंगे। उक्त बैठकों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनयूएसआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, इंटक कांग्रेस सहित उपस्थित विभाग प्रकोष्ट के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने व कार्यक्रम को व्यापक व भव्य बनाने का भरोसा दिलाया।

# रेलवे मजदूर कांग्रेस के बैनर तले आज संपन्न होगा रक्तदान महादान कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल अध्यक्ष मजदूर कांग्रेस बिलासपुर दिलीप कुमार स्वाइन व बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, उप मंडल समन्वयक रविन्द्र कुमार धल के मार्गदर्शन में संयुक्त महामंत्री बी कृष्ण कुमार, डायरेक्टर अर्बन बैंक रामकुमार यादव के सक्रिय सहयोग से 6 अक्टूबर को मजदूर कांग्रेस के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया




गया है, प्रतिवर्ष मजदूर कांग्रेस के साथियों के द्वारा भारी संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत पावन कार्य में अपनी सहभागिता निभाते है। मजदूर कांग्रेस का यह रक्तदान शिविर मजदूर कांग्रेस के पंचशील कार्यक्रम में से एक है जब कभी रेलवे के कर्मचारियों के परिवार को रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो निशुल्क रक्त की व्यवस्था मजदूर कांग्रेस के साथी लोग करते हैं साथ ही बाहरी व्यक्तियों को भी अगर रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो उसके लिए भी मजदूर कांग्रेस के साथी उपलब्ध कराते है इस शिविर का आयोजन हेतु बिलासपुर मंडल से शाखा सचिव बहुत ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लगे हुए हैं, साथ ही इस कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु शाखा अनूपपुर के रेलवे कर्मचारियों के द्वारा भी सहयोग लिया जा रहा है जो शिविर को सफल बनाने में लगे हुए हैं।